# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
बिहार लोक भवन, पटना–800022


*संख्या–106/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

## महिला इमदाद कमिटी की सामान्य निकाय की बैठक सम्पन्न हुई

**पटना 08 दिसम्बर, 2025** :– लेडी गवर्नर श्रीमती रेशमा आरिफ की अध्यक्षता में बिहार लोक भवन में आज महिला इमदाद कमिटी की सामान्य निकाय की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में लेडी गवर्नर ने महिलाओं एवं बच्चों के उत्थान के लिए परियोजनाओं को गति प्रदान करने हेतु समन्वयक का प्रावधान करने का निदेश दिया।

बैठक में बताया गया कि महिलाओं के कौशल विकास, स्वरोजगार एवं सशक्तिकरण हेतु महिला इमदाद कमिटी के तत्वावधान में सिलाई सेंटर में प्रशिक्षण में सहयोग प्रदान करने के लिए श्रम संसाधन विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है।

इस अवसर पर महिला इमदाद कमिटी की उपाध्यक्ष श्रीमती ममता मेहरोत्रा एवं प्रो० आशा सिंह, सचिव प्रो० पूनम चौधरी एवं अन्य सदस्यगण तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण व अन्य लोग उपस्थित थे।

उल्लेखनिय है कि लेडी गवर्नर महिला इमदाद कमिटी की पदेन अध्यक्ष होती हैं।

..........................................